दिन– मंगलवार दिनांक– 21 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में एक सौ बाईस सीटों के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की आज होगी जाँच। दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र किये गये है दाखिल।

02. पहले चरण के लिए नाम वापस लेने की समय सीमा हुई समाप्त। इकसठ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिये। एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार मैदान में।

03. चुनाव के दोनों चरणों के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रचार हुआ तेज। विभिन्न दलों और गठबंधन के नेता उपलब्धियां गिनाने के साथ ही विपक्षियों पर साध रहे हैं निशाना।

04. और, त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे आठ हजार अतिरिक्त विशेष ट्रेन चलायेगा।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्रों की आज जाँच की जाएगी। इस चरण में ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। इस चरण में एक सौ बाईस सीटों के लिए दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। उम्मीदवार तेईस अक्टूबर तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। मतगणना चौदह नवम्बर को होगी।

---

इधर, बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नाम वापस लेने की समय सीमा समाप्त हो गई। इकसठ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए है। इसके साथ ही अब एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार मैदान में रह गये हैं। एक हजार छह सौ नब्बे उम्मीदवारों के द्वारा भरे नामांकनों में से एक हजार तीन सौ पचहत्तर वैध पाए गए। पहले चरण का मतदान छह नवंबर को होगा। इधर, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों ने जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। साथ ही धुंआधार चुनाव प्रचार की रणनीति भी बनायी जा रही है।

---

विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के नामांकन के बाद चुनाव प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न पार्टियां और गठबंधन के नेता अपनी उपलब्धियां गिनाने के साथ ही विपक्षियों पर निशाना भी साध रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने औरंगाबाद जिले के गोह में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा

कि डबल इंजन की सरकार बिहार के विकास के लिए कार्य कर रही है। वहीं, महागठबंधन के दल आपस में ही उलझे हुये हैं।

---बाईट---

---

लोजपा, रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दावा किया है कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलेगा। श्री पासवान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि पार्टी को उनतीस सीटें मिलना बड़ी बात है, जिसके लिए वह हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी रहेंगे।

---बाईट---

---

दूसरे चरण का नामांकन समाप्त होने के बाद भी महागबठंधन के घटक दलों के बीच विवाद नहीं थमा है। राजद, कांग्रेस, वीआईपी और वाम दल कम से कम दस सीटों पर आमने–सामने दिख रहे हैं। एक रिपोर्ट–

---बाईट---

महागठबंधन में सहयोगी दलों ने एक दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी घोषित कर दिया है। दूसरे चरण का नामांकन समाप्त होने के बाद कई स्थानों पर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस और सीपीआई के उम्मीदवार भी आमने सामने हैं। राष्ट्रीय जनता दल ने 143 कांग्रेस ने 61 और सीपीआई माले ने 20 सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे हैं। मुकेश सहनी की नेतृत्व वाली विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी ने 15 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए हैं। दो अन्य वामदलों सीपीआई ने नौ और सीपीएम ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी भी 4 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। राज्य में विधानसभा सीटों की संख्या 243 है। दोनों चरणों में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने 6 सीटों पर एक दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारे हैं। चार सीटों पर कांग्रेस और सीपीआई के उम्मीदवार आमने–सामने हैं। 23 अक्टूबर को दूसरे चरण के लिए नाम वापसी के बाद स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने महागठबंधन में मचे धमासान पर कटाक्ष किया है। श्री चौधरी ने कहा कि महागठबंधन नतीजों से पहले ही बिखर गया है।

---बाईट---

---

इधर, महागठबंधन में सीटों के तालमेल को लेकर निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक चल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ प्रश्नों पर विवाद जरूर था जिसे निपटा लिया गया है।

---बाईट---

---

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। चर्चित वेब सीरिज 'पंचायत' में सचिव के सहायक का किरेदार निभाने वाले स्टेट स्वीप आईकॉन चंदन राय ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट कीमती है।

---बाईट---

---

दिवाली के उपलक्ष्य में स्टॉक एक्सचेंज एनएसई और बीएसई आज एक विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र आयोजित करेंगे। यह प्रतीकात्मक ट्रेडिंग सत्र दोपहर एक बजकर पैंतालीस मिनट से दो बजकर पैंतालीस मिनट के बीच आयोजित किया जाएगा। यह मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र दिवाली से शुरू होने वाले नए हिंदू वित्त वर्ष, विक्रम संवत दो हजार बयासी की शुरुआत का भी प्रतीक है। एनएसई निफ्टी और बीएसई सेंसेक्स सूचकांक कल विक्रम संवत दो हाजर इक्यासी के अंतिम दिन पूरे वर्ष के सर्वाधिक उच्च स्तर पर बंद हुए।

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अलग–अलग स्थानों पर अगलगी की घटना में लाखों की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी। भोजपुर जिला मुख्यायलय आरा के महादेवा रोड इलाके में पटाखे से एक दुकान में आग लग गई। जिसमें लाखों रूपये का नुकसान हुआ है। वहीं, रोहतास जिले के डेहरी में मोहन बीघा क्षेत्र में पटाखे की चिंगारी से एक बैग गोदाम में भीषण आग लग गयी। इधर, पटना सिटी के सुल्तानगंज में पटाखे की चिंगारी से एक निजी विद्यालय में आग लगने से लाखों रूपये की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है।

---

प्रदेश के कई हिस्सों में आज गोवर्धन पूजा का त्योहार पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गौपालक अपने गायों की पूजा कर रहे हैं। कई जगहों पर पारम्परिक खेलों का भी आयोजन किया जा रहा है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक शुक्लपक्ष आज शाम से शुरू होगा, और कल रात समाप्त होगा। इसके कारण कल भी उदया तिथि में गोवर्धन पूजा मनायी जायेगी। कल चित्रगुप्त पूजा का भी आयोजन किया जायेगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को गोवार्धन पूजा और चित्रगुप्त पूजा की शुभकामनाएं दी हैं।

---

मध्य रेलवे त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए आगामी दिनों में लगभग आठ हजार अतिरिक्त विशेष रेलगाडियां चलाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल रेलवे बोर्ड के वॉर रूम का दौरा किया और त्योहारी सीज़न के दौरान यात्रियों की आवाजाही का जायजा लिया। उन्होंने चौबीस घंटे काम करने वाले कर्मचारियों की सराहना की और उन्हें दिवाली की शुभकामनाएँ दीं। दिवाली और छठ पूजा के दौरान सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय रेलवे इस वर्ष बारह हज़ार से ज़्यादा विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान संचालित सात हजार सात सौ चौबीस ट्रेनों से उल्लेखनीय वृद्धि है।

---

आज पुलिस स्मृति दिवस है। उन्नीस सौ उनसठ में इसी दिन लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में दस बहादुर पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्रियों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और दिल्ली पुलिस की एक संयुक्त परेड भी आयोजित की जा रही है।

---

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गोवर्धन असरानी का लंबी बीमारी के बाद कल निधन हो गया। वे चौरासी वर्ष के थे। वे असरानी के नाम से लोकप्रिय थे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

शोले में जेलर की भूमिका के लिए प्रसिद्ध असरानी ने चुपके चुपके, भूल भुलैया, धमाल तथा बंटी और बबली 2 जैसी हिट फिल्मों में अभिनय किया। मूल रूप से राजस्थान के जयपुर के रहने वाले असरानी ने भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय यात्रा शुरू करने से पहले अपने गृहनगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में शिक्षा प्राप्त की थी। पांच दशकों से अधिक के करियर में असरानी ने हिंदी सिनेमा में विशेष रूप से हास्य कलाकार के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में एक सौ बाईस सीटों के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की आज होगी जाँच। दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र किये गये है दाखिल।

02. पहले चरण के लिए नाम वापस लेने की समय सीमा हुई समाप्त। इकसठ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिये। एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार मैदान में।

03. चुनाव के दोनों चरणों के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रचार हुआ तेज। विभिन्न दलों और गठबंधन के नेता उपलब्धियां गिनाने के साथ ही विपक्षियों पर साध रहे हैं निशाना।

04. और, त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे आठ हजार अतिरिक्त विशेष ट्रेन चलायेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।